an>

title: Need to provide modern facilities for treatment of kidney diseases and liver cancer in Patna AIIMS.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं सदन में एक बहुत जरूरी सब्जैक्ट उठाना चाहती हूं। पिछले कुछ वÂााों में मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण जिले में किडनी से संबंधित बीमारियों एवं लीवर कैंसर से ग्रसित रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है और पूरे बिहार में इनकी संख्या हजारों में है। एम्स पटना में किडनी प्रत्यारोपण एवं लीवर कैंसर का इलाज न होने के कारण बिहार से गरीब रोगी अपने परिवार के साथ दिल्ली में कई समस्याओं को झेलते हुए आते हैं और सड़कों पर रहने को मजबूर होते हैं। उन्हें यहां रहने के साथ-साथ खाने-पीने की भी दिक्कत आती है। प्रधान मंत्री राहत कोÂष से सीमित धन होने के कारण सभी लीवर कैंसर एवं किडनी रोगियों की सहायता समय पर नहीं की जा सकती है। सरकार ने स्वास्थ्य बजट में इस वष्Âाऩ अधिक धन दिया है, परंतु अभी भी गरीब मरीजों की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

अतः मैं सदन के माध्यम से इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगी कि एम्स पटना में किडनी प्रत्यारोपण एवं लीवर कैंसर के उपचार हेतु आधुनिक सुविधा प्रदान की जाए, जिससे बिहार के गरीब किडनी और लीवर कैंसर रोगियों के दिल्ली आने की नौबत न आए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अश्विनी कुमार चौबे एवं

कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।